# नेशनल गेम्स की मेजबानी करेगा राजगढ़ जिला




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 अगस्त, का. राजगढ़ जिला कृषि, शिक्षा को लेकर सतत रूप से आगे बढ़ रहा है. लेकिन खेलों को लेकर यहां कोई प्रगति नहीं थी. प्रतिभाओं से सम्पन्न जिला सुविधाओं के अभाव में अपना नाम चमका नहीं पा रहा था. लेकिन अब बयार बदल रही है. सितंबर से नवंबर महीने तक जिले में नेशनल और स्टेट लेवल की खेल प्रतियोगिताएं होने जा रही है.**

देश भर से करीब 35 से अधिक अण्डर 19 टीमें विभिन्न खेलों व्हॉलीबॉल, खो-खो, तीरंदाजी, शतरंज आदि खेलों में भाग लेंगी और राजगढ़ जिला उनकी मेजबानी करेगा. इसकी तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू हो चुकी है. जिले के खेल जगत में इसे लेकर खुशी व्याप्त है.

### समर्पण का 'प्रतीक' है हमारी 'प्रतिभाएं' : व्हॉलीबॉल, तीरंदाजी, शतरंज, खो-खो में आएंगी देशभर की टीमें

## तीसरी बार राज्य स्तर पर दमकेगी नरसिंहगढ़ की 'प्रतिभा'

**नरसिंहगढ़ 20 अगस्त,** सं. विंध्य पर्वत की शाखाओं से घिरे प्रकृति से सम्पन्न नरसिंहगढ शहर प्रतिभाओं से भी सम्पन्न रहा है. कला, संगीत, साहित्य और खेल में यहां की प्रतिभाओं ने समय-समय पर अपना लोहा मनवाया है. ऐसी ही एक नन्ही 'प्रतिभा' सामने आयी है जिसने खेल के क्षेत्र में लगातार तीसरी बार राज्य स्तर पर बिना किसी एकेडमिक ट्रैनिंग के अपना स्थान पक्का किया है. प्रतिभा पाठक नाम की यह बालिका नगर के बड़ा बाजार क्षेत्र में रहती है और कक्षा 10 वीं में पढ़ती है. प्रतिभा नगर के प्रवीण पाठक और श्रीमती यशोदा पाठक की बड़ी सुपुत्री है. प्रतिभा पाठक ने हाल ही में सीहोर में 18 ओर 19 अगस्त को आयोजित शतरंज की संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में भाग लिया. यहां उसने 5 में से 3 मैच जीते और 2 मैच ड्रॉ किए. टोटल 4 अंक लेकर वह टॉप पर रही. इस तरह लगातार तीसरी बार उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान तय कर लिया है. ऐसा करने वाली जिले की पहली जूनियर बालिका खिलाड़ी बन गई है. कु. प्रतिभा नगर के डीए पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करती है.


नरसिंहगढ़ की शतरंज खिलाड़ी प्रतिभा पाठक

उसकी इस उपलब्धि पर नगर वासियों ने उसे अगले पायदान में विजयी होने की शुभकामनाएं दी है. प्रतिभा के दादा स्व. आरएन पाठक कवि के रूप में साहित्य से जुड़े रहे है. वहीं उसकी दादी संगीत के प्रति लगाव रखती थी. प्रतिभा की मां यशोदा पाठक ब्यावरा नगर से है. इसके पूर्व प्रतिभा बुरहानपुर में गत वर्ष राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में मात्र एक अंक से पीछे रहीं थी. इस बार वह कमीं दूर करने का प्रयास रहेगा.

### 13 साल पहले शतरंज में नेशनल तक जा चुके है प्रतीक

खेलों के मामले में जिला शुरू से ही प्रतिभा सम्पन्न रहा है. लेकिन सुविधाओं के अभाव में ये प्रतिभाएं निखर नहीं पाई. बावजूद इसके कुछ खिलाड़ियों ने अपने हौसलें डिगने नहीं दिए. इनमें राजगढ़ के प्रतीक विजयवर्गीय भी है जो शतरंज में नेशनल लेवल पर 13 वर्ष पूर्व जा चुके है. वे शाला स्तर पर अण्डर 19 टीमें स्टेट की ओर से टीकमगढ़ में खेलने गए थे. उनके पिता भी खेल विभाग में कार्यरत थे और अच्छे शतरंज के खिलाड़ी थे. प्रतीक बचपन से ही इस खेल के प्रति आकर्षित थे. प्रतीक के अनुसार यदि सुविधाएं मिले और अकादमिक प्रशिक्षण मिले तो हमारे जिले की प्रतिभाएं नेशनल में विजयी हो सकती है.

### इस तरह होगा शाला स्तरीय मिनी ओलंपिक

- जिला मुख्यालय राजगढ़ होगा आयोजन का केन्द्र, उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउण्ड पर 5 खेल मैदान होंगे तैयार.
- भोपाल से करीब 10 ऑब्जर्वर पहुंचेगे राजगढ़ जो आयोजन में पूरे समय मौजूद रहेंगे.
- व्हॉलीबॉल के सभी नेशनल टूर्नामेंट होंगे जिला मुख्यालय पर
- तीरंदाजी प्रतियोगिता का नेशनल टूर्नामेंट नरसिंहगढ़ में होगा आयोजन.
- खो-खो प्रतियोगिता के लिए सारंगपुर का चयन, पहुंचेंगी टीमें.
- सितंबर में राज्य और नवंबर माह में नेशनल टूर्नामेंट होंगे आयोजित.
- करीब 35 से अधिक टीमें केन्द्रीय विद्यालय, विद्या भारती, आदिवासी विकास संस्थान सहित देश के सभी राज्यों से पहुंचेंगी.
- जिले में मिनी ओलंपिक जैसा वातावरण आएगा नजर, हर भाषा, प्रांत के अण्डर 19 शाला स्तरीय खिलाड़ी पहुंचेंगे.
- राज्य स्तरीय खो-खो 19 वर्ष सारंगपुर में अक्टूबर में होगा.

## कार की स्टेपनी बदलते समय ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बैतूल.** बैतूल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में छिंदवाड़ा जिले के छापा खाना निवासी शेख फारूक (30) की मौत हो गई. हादसे में उनके भाई शानू घायल हो गए. घटना खेड़ी-सांवलीगढ़ के पास हुई. जानकारी के अनुसार, शेख फारूक अपने परिवार के साथ उज्जैन जा रहे थे. उनकी स्विफ्ट डिजायर कार हाईवे पर पंचर हो गई. स्टेपनी बदलते समय तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी. इस हादसे में फारूक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके भाई शानू को मामूली चोट आई. हादसे के बाद घायल परिवार को जिला अस्पताल बैतूल लाया गया. डॉक्टरों ने शेख फारूक को मृत घोषित किया. बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने तक उनकी सांसें चल रही थीं. पुलिस के अनुसार, हादसे के समय वहां से कई ट्रक और वाहन गुजरे थे. उनकी तलाश की जा रही है. मृतक अपने परिवार के साथ उज्जैन किसी निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. हादसे से परिवार में शोक का माहौल है.



## विस्फोटक पदार्थ का जखीरा पकड़ा

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 20 अगस्त. पुलिस ने अवैध विस्फोटक पदार्थ रखने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए करीबन 10 लाख रुपए कीमती 72 कार्टून पटाखों के जप्त किए हैं. त्योहारों के पहले इन्हें खपाने की फिराक में थे आरोपी. इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.**

गत दिवस भैरुंदा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नसरुल्लागंज रोड ग्राम तिलाडिया मे भवानीसिंह राजपूत के खेत पर बने मकान के शटर वाले कमरे मे अवैध रुप से विस्फोटक पदार्थ पटाखे रखे हुए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी द्वारा टीम गठित की गई. पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान भवानीसिंह राजपूत के खेत पर बने मकान के पर दबिश दी गई, जहां मकान के शटर वाले कमरे मे प्लास्टिक के कार्टूनो मे अवैध विस्फोटक पदार्थ रखे मिले. जिनके संबंध में भवानीसिंह राजपूत के हाली से पूछा गया जिसने बताया कि मुझे जानकारी नही है ये किसके है. थोड़े समय बाद एक व्यक्ति उपस्थित आया, जिससे उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम शैलेन्द्र यादव पिता मस्तान सिहं यादव उम्र 39 साल निवासी ऋषिनगर कालोनी भैरुंदा का होना बताया जिसके द्वारा बताया कि शटर के कमरे मे मेरे पटाखे रखे हुए हैं. जिसमें देखा गया कि उक्त कमरे पुस्टे वाले कार्टून रखे हुए थे.

### एक नजर में

### कुंए में गिरने से 12 वर्षीय अभिनव की मौत

**सुठालिया.** मलावर थाना क्षेत्र स्थित तरेनी गांव में बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां 12 वर्षीय बालक अभिनव मीना पिता शरद मीना ग्राम तरेनी की कुएं में डूबने से मौत हो गई. हादसा सुबह लगभग 10 बजे उस वक्त हुआ जब अभिनव पास के एक कुएं में पैर धो रहा था और अचानक फिसलकर अंदर गिर गया. शरद मीना के अकेला लड़का होने की वजह से गांव में शोक की लहर फैल गई.

### आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पड़ाना.** गुरुवार नगर के गांधी चौक टेंपो स्टैंड मां आशापुरी मंच परिसर में रोग निदान परामर्श केंद्र के तत्वाधान में एकदिवसीय आयुर्वेदिक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा. इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर दास एच परिहार प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया ग्रामीण चिकित्सा डॉ रवि सोनगरा, केसी यादव, अनिल उपाध्याय, जितेंद्र गरासिया, जन जागृति संपादक इत्यादि की उपस्थिति में माइग्रेन, लकवा, हृदय रोग, टीवी, अस्थमा, शुगर, ब्लड प्रेशर, लीवर, पथरी, थायराइड, बवासीर, पाचन तंत्र, सेक्सुअल वीकनेस, दांत एवं आंखों की समस्या स्त्री रोग इत्यादि का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा उपचार होगा.

### बाइक रैली के साथ किया संतों का स्वागत

**खिलचीपुर.** नगर में आज पंडित रोहित नागर, संत पागलदास, पंडित हरिनारायण वैष्णव के सानिध्य में पंचमुखी बजरंग बली मंदिर से कामखेड़ा बालाजी तक मोटरसाइकल यात्रा निकाली. यात्रा की शुरुआत में सभी संतो का स्वागत किया गया. खिलचीपुर नगर के मुख्य मार्गो से पैदल निकली यात्रा के दौरान पंडित रोहित नागर ने अपने संबोधन में कहा यह यात्रा हिंदू राष्ट के लिए आज खिलचीपुर से कामखेड़ा तक निकाली जा रही हे.

## गौवंश से कुकृत्य करने का आरोपी धराया

- बीती रात उसके कुकर्म का एक युवक ने वीडियो बनाया था
- पुलिस ने आरोपी को तत्काल तलाश करते हुए दबोचा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 अगस्त.** कुछ ही दिन पूर्व आष्टा में गौवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि मंगलवार की देर रात जिला मुख्यालय पर भी ऐसी शर्मनाक हरकत ने लोगों को आक्रोशित कर दिया. हालांकि पुलिस ने तत्परता बरतते हुए आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है.

जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय प्यारे मियां आ. सलीम मूलत: बिहार का रहने वाला है जो सराय की एक होटल पर काम करता है. जबकि उसका आधार कार्ड भोपाल के नीलम पार्क के समीप का बना बताया जा रहा है. बीती रात को वह थाना कोतवाली अंतर्गत मुकेरी मोहल्ले में गौवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर रहा था. जिसे वहां से गुजर रहे एक युवक ने देखा और उसका वीडियो बना लिया था. उसने आज पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने तत्काल आरोपी की तलाश शुरू करते हुए आरोपी प्यारे मियां आ. सलीम को गिरफ्तार कर लिया है.

मामले की जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया. उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. बीते दिनों आष्टा तहसील मुख्यालय पर भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था. भाजपा नेता कालू भट्ट ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया था. पुलिस ने उस मामले में भी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था. निरीक्षक रविंद्र यादव, उप निरीक्षक कौशलेंद्र सिंह बघेल, प्रधान आ.रामबाबू वर्मा, आरक्षक अमन दुबे, चेतन चौहान, कृष्णकांत, कपिल भार्गव आदि की महती भूमिका रही.

### 54 लीटर शराब जब्त

**सागर.** पुलिस चौकी मंडी बामौरा, थाना आगासौद पुलिस द्वारा 54 लीटर अंग्रेजी शराब सहित कार जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसडीओपी बीना नीतेष पटेल एवं थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक नितिन पाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम गौहर के पास मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 15 सीए 4601 को रोककर तलाशी ली गई. तलाशी में कार की डिक्की से 6 पेटी अंग्रेजी शराब (कुल 54 लीटर, विभिन्न ब्रांड) कीमत ?48,600/- जप्त की गई.

## कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

### मीनू अनुसार भोजन न देने पर एक समूह को हटाया, दो समूहों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार विकासखंड अशोकनगर के ग्राम डोंगरा, सेमरा एवं बामोरा की आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र डोंगरा में पहुंचकर बच्चों की उपस्थिति पंजी, वजन पंजी, हाइट पंजी, पोषण आहार वितरण के संबंध में जानकारी ली तथा कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मीनू अनुसार एवं समय पर नाश्ता व



भोजन नहीं देने पर एवं संबंधित सीडीपीओ तथा सुपरवाईजर द्वारा समय-समय पर निरीक्षण नहीं करने पर कारण बताओं सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र सेमरा का निरीक्षण किया। इस दौरान कम वजन वाले बच्चों का रजिस्टर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

## स्कूल भवन के पास गिरी बिजली

### सीसी भवन का वेंटिलेटर क्षतिग्रस्त, शिक्षा अधिकारियों ने सूचना पर मौके का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. बरौदिया कलां नगर परिषद के शासकीय माध्यमिक शाला दरी के भवन के पास आकाशीय बिजली गिरने से विद्यालय के ऑफिस का वेंटिलेटर क्षतिग्रस्त हो गया.**

मिली जानकारी के अनुसार उस वेंटिलेटर का मलवा गिट्टी सीमेंट आदि ऑफिस में बिखर गया किसी भी छात्र/ छात्राओं को कोई नुकसान नहीं हुआ है. परंतु छात्र बिजली की गर्जना से एवं गिरने से घबरा गए. इसकी सूचना संकुल



केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां में मिलने पर तुरंत संकुल केंद्र प्रभारी बी एस लोधी मौके पर पहुंचे. सभी शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं की जानकारी लेकर पंचनामा बनवाया गया जिसमें किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई है, उसी समय बी.आर.सी विजय सिंह भी मौके पर पहुंचे. तत्काल छात्रों को शासकीय प्राथमिक शाला दरी में एक दिन के लिए शिफ्ट किए गया है.

मिली जानकारी के अनुसार भवन पूर्णत: सुरक्षित है, इसी समय वार्डवासी एकत्रित होकर आकाशीय बिजली की जानकारी दी गई. इस अवसर जनशिक्षक पंजाबराव भटनाकर, अभिषेक सिंह ठाकुर, वंदना कटारे, थोवन पटेल, रामविलास साहू, रोहित लोधी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे.

### स्व .आहूजा का जाना बैतूल की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति

**बैतूल.** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद सुभाष आहूजा का निधन हो गया. अटल सेना द्वारा स्व.सुभाष आहूजा को राजेंद्र वार्ड चुन्नीढ़ाना राजेन्द्र वार्ड के हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 2 मिनट का उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया. संगठन के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्दु बाबा) ने कहा कि श्री आहूजा गरीबों के नेता, सभी के दुख दर्द बांटने वाले सबके साथ मधुरता से मिलने वाले व्यक्ति थे और सभी की सहायता के लिए सहज रूप से सबके लिए उपलब्ध रहते थे.

## नर्मदा में टकराई दो नाव, एक मजदूर डूबा

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 20 अगस्त. जिले के भैरुंदा थानांतर्गत ग्राम दिमावर में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. नर्मदा नदी में रेत भराई का काम कर रही दो नावें आपस में टकरा गईं. इस टक्कर में बिहार निवासी 50 वर्षीय मजदूर नंद जी घायल हो गए और गहरे पानी में डूब गए. हादसे के दौरान नाव में चार मजदूर सवार थे. जैसे ही नाव डूबने लगी, तीन मजदूर तुरंत छलांग लगाकर नदी में कूदे और तैरते हुए किनारे पहुंच गए, लेकिन नंद जी नाव से टकराने के कारण गंभीर रूप से चोटिल हो गए और तैरकर बाहर नहीं निकल पाए. सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची.**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम डिमावर में नर्मदा नदी से रेत भराई का काम कर रही दो नावों में टक्कर हो गई. सूत्रों की मानें तो इस दौरान एक नाव के इंजन के पंखे की चपेट में मजदूर नंदजी आ गया और नदी में गिर गया. अन्य तीन मजदूर तो किनारे पर आ गए, लेकिन नंदजी डूब गया.

सूचना मिलने पर एसडीएम, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे. स्थानीय गोताखोरों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. कुछ ही देर में सीहोर से एसडीआरएफ की विशेष टीम भी पहुंची और सर्च अभियान संभाल लिया.काफी मशक्कत के बाद भी नंद जी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है. स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार नदी में सर्चिंग कर रही हैं. स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर डटे हैं और बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं.

### एक दिन पहले पकड़ी थी सात पनडुब्बी

नर्मदा नदी से रेत के अवैध दोहन को लेकर खनिज विभाग गाहे बगाहे कार्रवाई करता है और उसे सफलता भी मिल जाती है. मंगलवार को सुबह 5 बजे से संयुक्त टीम द्वारा जिले की भेरूंदा तहसील क्षेत्र में छीपानेर, चोरसा खेड़ी में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 7 पनडुब्बी द्वारा रेत का अवैध खनन करते पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही की गई तथा पनडुब्बियों को थाना गोपालपुर में भेजा गया है.

### सुपारी कारोबारकर्ता के गोदाम का औचक निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 19 अगस्त को खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई।

## प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल : पटवारी

**मुलताई. प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल है, मुख्यमंत्री नान इफेक्टिव है, उनकी कार्य शैली ठीक नहीं होने से जनता उन्हें बदलना चाहती है.**

यह बात बुधवार को मुलताई पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में कही. इसके पहले मुलताई पहुंचे प्रदेश कांग्रेस पटवारी का नगर के कांग्रेसियों ने नगर के बस स्टेण्ड पर उनका फूल मालाओ से स्वागत



किया. इस दौरान उनके साथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे, बैतूल जिलाध्यक्ष निलय डागा भी उपस्थित थे. स्वागत उपरांत पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कांग्रेस का प्रथम चरण का संगठन सृजन अभियान पूर्ण हो चूका है. अब दूसरे चरण के अभियान में पंचायत स्तर पर अध्यक्ष एवं 25 सदस्य बनाए जाएगे, जो मंडल अध्यक्ष को चुनेंगे. जिसमे आठ विभागों का गठन होगा.

पत्रकारों ने जब उनसे नगर में कांग्रेस की गुटबाजी के संबंध में पूछा गया तो उन्होने कहा की आगामी समय में नहीं दिखेगी.

### पदभार

### कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने पदभार ग्रहण किया, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाएंगे

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 अगस्त, का. कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने बुधवार जिला कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. अपने प्रभावी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से जिले में संगठन को मजबूत करने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे.**

खिलचीपुर नाका से विशाल रैली के साथ श्री सिंह जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां पदभार ग्रहण करने के बाद मंगल भवन में सभा हुई.

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हमें अपने संगठन के प्रति हमेशा वफादार रहना



चाहिए. संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करें.

**शिक्षकों का सम्मान करेंगे**

उन्होंने कहा कि आगामी शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तर पर पार्टी द्वारा दस-दस शिक्षकों का सम्मान किया जायेगा तथा 1 से 5 सितम्बर तक सभी विधानसभा में वोट अधिकार रैली निकाली जाएगी. इस अवसर पर पूर्व सांसद नारायण सिंह अमलाबे, पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी, हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर, धूल सिंह यादव, जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष डा. भारत वर्मा, मोहन लोधी, सभी ब्लॉक अध्यक्ष सहित जिले भर से आये कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे.

**पुष्पवर्षा से किया स्वागत**

खिलचीपुर नाके से वाहन रैली प्रारंभ हुई. रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. प्रमुख मार्गो से होते हुए रैली जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची जहां नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया.

### भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी के खिलाफ लड़ेंगे

श्री सिंह ने वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तीखे प्रहार किए. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी खुलेआम हो रही है, कोई देखने और सुनने वाला नहीं है. कांग्रेस पार्टी पूरी दमदारी के साथ भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी पर लगाम लगाने शिकंजा कसेगी. उन्होंने हाल ही में किसानों को मिलने वाली बीमा फसल राशि के संदर्भ में कहा कि नाममात्र राशि आयी है कई किसानों के खाते में तो राशि आयी ही नहीं है. उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी रणनीति तैयार कर जिले में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी. उन्होंने कहा कि हमे पूरी दमदारी से संगठन का कार्य करते हुए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है.

## जब्बार के घर पर नपा ने चस्पा किया नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीहोर. 20 अगस्त. कथित धर्मांतरण के मामले में पुलिस के शिकंजे में फंसे जब्बार खान की मुसीबतें और बढ़ती जा रही हैं. बुधवार को नगरपालिका ने जब्बार खान के हाउसिंग बोर्ड कालोनी के घर पर नोटिस चस्पा किया है जिसमें भवन अनुज्ञा एवं भूखंड से संबंधित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं.**

गौरतलब है कि गत 17 अगस्त को हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी जब्बार खान आ. जरदार खान को अपने घर में धर्मांतरण को बढ़ावा देने के आरोप में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था. धार्मिक संगठन विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस मामले का खुलासा किया था. इसके अलावा गोविंद मसुरे आ. रमेशचंद्र मसुरे द्वारा पुलिस को आवेदन देकर जब्बार खान व उसकी पत्नी ताहिरा खान के खिलाफ धर्मांतरण कराने के संबंध में शिकायती आवेदन पत्र भी दिया था. इसके आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति- पत्नी के खिलाफ धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत अपराध घटित करना पाया जाने से प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया था. पुलिस ने धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि उसकी पत्नी ताहिरा खान फरार बताई जाती है. इस मामले में संलिप्त एक पुलिसकर्मी वीरेन्द्र अहिरवार को भी निलंबित करते हुए उसके खिलाफ विभागीय जांच प्रारंभ कर दी है. जब्बार खान की धर्मांतरण की करतूतों से जहां हिन्दू संगठनों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है, वहीं अब नपा ने भी जब्बार खान के खिलाफ टेढ़ी नजर कर ली है.

धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान की पत्नी ताहिरा खान की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार ठिकानों पर दबिश डाल रही हैं. शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इसके अलावा जब्बार खान के संबंध में अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं.

**रविन्द्र यादव,** थाना कोतवाली प्रभारी

धर्मांतरण के आरोपी जब्बार के मकान निर्माण की नपा द्वारा कोई अनुमति दी गई हो या भूखंड संबंधी दस्तावेज जो उसके पास हों. उसे प्रस्तुत करने के लिए नपाकर्मी जब्बार के घर नोटिस देने गए थे, लेकिन घर में मौजूद लोगों ने दरवाजा नहीं खोला तो उसे दीवार पर चस्पा करते हुए एक दिन में कागज दिखाने को निर्देशित किया है.

**सुधीर कुमार,** सीएमओ, सीहोर नपा